प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे कानपुर के पास पटरी से उतरे : सभी यात्री सुरक्षित, हादसे के कारण 7 ट्रेनें निरस्त, कई ट्रेनों का बदला रूट।
2. कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
3. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती से संबंधित नई चयन–सूची तीन महीने के भीतर जारी करने का दिया निर्देश।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अंबेडकरनगर में रोजगार मेले में पच्चीस सौ युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र : 51 सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को बांटे टैबलेट। और
5. मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में ओलंपिक मेडल विजेता हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और ललित उपाध्याय को किया सम्मानित : कहा– प्रदेश सरकार दोनों खिलाड़ियों को देगी एक–एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि।

———————————

वाराणसी जंक्शन से चलकर अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस बीती रात कानपुर से गुजरते हुए भीमसेन स्टेशन से पहले पटरी से डिरेल हो गई। इस यात्री

ट्रेन के लगभग 22 डिब्बे पटरी से उतरे लेकिन किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई। घटना के कारण कानपुर झांसी रेल रूट पूरी तरह से प्रभावित हो गया। मौके पर पहुंचे नार्थ सेंट्रल रेलवे के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जाशी ने कहा कि ट्रेन के ड्राइवर ने किसी भारी चीज से टकराने की बात कही है, जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। रेलवे प्रशासन की ओर से कानपुर के लिए 0512–2323018, 0512–2323015 हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। कानपुर कमिश्नरेट के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी, स्थानीय पुलिस बल और रिस्पांस टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया। यात्रियों को अन्य रेलगाड़ी से गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे की जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

हादसे की वजह से झांसी–कानपुर रूट पर चलने वाली 7 गाड़ियां निरस्त्त कर दी गईं, जबकि लंबी दूरी की ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया। झांसी से कानपुर और लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी, पैसेंजर और एक और ट्रेन के कैंसल होने से लोगों को बसों और अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि साबरमती एक्सप्रेस का इंजन ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। चोट के निशान मिले हैं। साक्ष्य सुरक्षित रखे गए हैं। आईबी और प्रदेश पुलिस जांच कर रही है।

———————————

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ– आई.एम.ए. ने आज 24 घण्टे की देशव्यापी हडताल का आह्वान किया है। आई.एम.ए. ने सुबह छह बजे से ओ.पी.डी. और अन्य समान्य सेवाएं बन्द करने की अपील की है। संगठन ने इस मामले में न्याय और स्वास्थ्य कर्मियां की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। संगठन की अपील को देखते हुए इस हडताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हो रहे हैं। हडताल के कारण प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हैं।

बाराबंकी में सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर्स ने कार्य बहिष्कार कर नगर क्षेत्र में जुलूस निकाला। हापुड में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया और महिला चिकित्सक के हत्यारां को फांसी देने की मांग की। हापुड के पिलखुवा में रामा मेडिकल कालेज और जीएस मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने भी रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। अमरोहा में डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर

चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की। लखनऊ, कानपुर, मुज़फ़्फ़रनगर समेत अन्य जनपदों में हड़ताल का असर साफ दिखा। हड़ताल के कारण मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस बीच, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि डॉक्टरों के साथ हिंसा के मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

———————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को 69 हजार सहायक शिक्षकों की भर्ती से संबंधित नई चयन–सूची तीन महीने के भीतर जारी करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने जून–2020 और जनवरी–2022 में जारी 6 हजार आठ सौ उम्मीदवारों की चयन–सूची को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और बृजराज सिंह की पीठ ने 90 विशेष याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि नई चयन सूची बनाते समय अगर वर्तमान में कार्यरत किसी सहायक शिक्षक पर विपरीत असर पड़ता है तो मौजूदा शिक्षा–सत्र को पूरा करने की अनुमति दी जाये, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो। पीठ ने यह भी कहा कि आरक्षित श्रेणी के जो उम्मीदवार सामान्य श्रेणी में रखे जा सकते हैं, उन्हें रखा जाना चाहिए। 69 हजार अभ्यर्थियों की चयन सूची जून 2020 को जारी हुई थी,

जबकि 68 सौ अभ्यर्थियों की सूची 5 जनवरी 2022 को जारी हुई थी।

——————————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज सपरिवार बुलंदशहर के खुर्जा की पॉटरी नगरी का दौरा करने पहुंच। पूर्व राष्ट्रपति ने सबसे पहले मुंडाखेड़ा मार्ग स्थित ऑर्मिनो सिरेमिक पॉटरी का दौरा किया। यहां उन्होंने सिरेमिक उत्पादों की प्रक्रिया और गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए लोगों से पौधारोपण की अपील की।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकर नगर में वृहद रोजगार और ऋण मेला में पच्चीस सौ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। साथ ही विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों को 211 करोड़ रुपये का ऋण और स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 5,100 से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनपद के नौजवानों के लिए स्टेडियम की घोषणा की और कहा कि यहां बनने वाला स्टेडियम से खिलाड़ी निकलेंगे और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के लिये जमीन चिन्हित हो गई है। हमारा युवा, भारत का भविष्य है, उसके स्वावलम्बन के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जल्द ही साठ हजार नौजवानों को भर्ती करने के लिए परीक्षा होने जा रही है। इसमें भी बीस फीसदी लड़कियों को भर्ती करेंगे। बाइट.....

*पहले 23, 24, और 25 में 30 और 3 में उत्तर प्रदेश पुलिस के 60 हजार से भी अधिक नौजवानों को सीधे–सीधे भर्ती करने के लिये परीक्षा होने जा रही है और इसमें भी याद रखना 20 फीसदी बेटियों को भर्ती करेंगे। जिससे सड़कों पर शोहदों को वो ठीक से उपचार कर सकेंगे और दूसरा पारदर्शी तरीके से बिना भेदभाव के भर्ती होगी। उत्तर प्रदेश के हर जनपद का नौजवान उसमें भर्ती होगा।*

———————————

मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने आज गाजीपुर के मेघबारन सिंह हॉकी अकादमी पहुंचकर ओलंपिक में

पदकजीत कर भारत का नाम रोशन करने वाले गाजीपुर के हॉकी खिलाड़ी राजकुमार पाल और बनारस के ललित उपाध्याय का सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है, जिसके कारण आज प्रदेश से अच्छे खिलाड़ी निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही लखनऊ में ओलंपिक में शामिल हुए खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह रखा जाएगा। इसमें मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को एक–एक करोड़ रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। बाइट.......

*इन दोनों खिलाड़ियों ने जो ओलंपिक में पदक जीता है, दोनों खिलाड़ियों को हम उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एक–एक करोड़ रुपये की राशि तत्काल प्रदान करने की व्यवस्था लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में करने जा रहे हैं। हम अन्य खिलाड़ियों का भी सम्मान करेंगे, जो भी उत्तर प्रदेश का खिलाड़ी प्रतिभाग किया ओलंपिक में। उत्तर प्रदेश का वासी है, तो उसे 10–10 लाख रुपये हम लोग की तरफ से प्रतिभाग करने का उपलब्ध करवायेंगे।*

————————————

वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के साथ–साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। दौरे के दौरान

मुख्यमंत्री निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही बाबा विश्वनाथ और बाबा काल भैरव का दर्शन करेंगे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सुबह कुमारगंज के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही परिसर में लग रहे बृहद रोजगार मेले का भी उद्‌घाटन करेंगे और मेधावी छात्र—छात्राओं को टैबलेट वितरित करेंगे।

——————————

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आज आगरा किले के सामने से गरुड़ उड़ान यात्रा को राजगढ़ के लिए रवाना किया। समर्थ गुरु रामदास और छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक हजार दो सौ तिरपन किलोमीटर लंबी यात्रा में एक हजार धावक, 100 साइकिल सवार और चार घुड़सवार शामिल हैं, जो 13 दिन बाद राजगढ़ पहुंचेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि आगरा से शिवाजी महाराज की वीरता और कुशलता का इतिहास जुड़ा हुआ है। 17 अगस्त एक हजार छह सौ छाछठ में शिवाजी महाराज, जिस रास्ते से आगरा से गए थे, उसी रास्ते से आज यह दल भी रवाना हो रहा है, जिसमें

छत्रपति शिवाजी के सेनापति के 14वें वंशज भी इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

————————————

पद्म पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन अगले महीने की 15 तारीख तक दिये जा सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं।

(समाप्त)